तापमान

अधिकतम 24 डिग्री

न्यूनतम 9 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 7 दिसंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



3 स्वस्थ जीवन के लिए खेल आवश्यक-अशोक




**खबर संक्षेप**

### 11 लाख से अधिक की लंबित पेंशन मंजूर

**बैकुण्ठपुर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल जितेन्द्र कुमार देवांगन (से.नि.)के प्रयासों से दो महत्वपूर्ण पेंशन प्रकरणों का निराकरण हुआ है। वर्षों से लंबित पेंशन और एरियर राशि जारी होने से दोनों परिवारों को बड़ी राहत मिली है। हवलदार शिवमंगल प्रसाद राजवाड़े के परिवार को मिला 10,09,267 का भुगतान तथा कांशीराम राजवाड़े, बैकुंठपुर निवासी स्व. हवलदार शिवमंगल प्रसाद राजवाड़े का सातवां वेतनमान एवं वन बैंक वन पेंशन से संबंधित बकाया लंबे समय से रूका हुआ था। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के अथक प्रयासों, लगातार पत्राचार और पीसीडीए प्रयागराज से संपर्क के बाद जून 2016 से अक्टूबर 2025 तक की बकाया राशि 10,09,267 जारी की गई। चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर निवासी स्व. हवलदार पानिकर वर्गीज की पत्नी श्रीमती शांति वर्गीज की फैमिली पेंशन मई 2024 से लंबित थी। कर्नल देवांगन द्वारा लगातार सेना अभिलेख कार्यालय और पेंशन कार्यालय प्रयागराज से संपर्क के परिणाम स्वरूप 1,05,428 की बकाया राशि 30 नवंबर 2025 को जारी की गई। वर्तमान में उन्हें 20,141 प्रतिमाह पेंशन मिल रही है।

### गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सारिणी जारी

**बलरामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में चलाए जा रहे निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी संशोधित कार्यक्रम अनुसार आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया में वृद्धि की गई है। जिसके परिणामस्वरूप कार्यक्रम की तिथियां बदल गई हैं। संशोधित तिथियों के अनुसार एन्यूमरेशन पीरियड 11 दिसंबर तक चलेगा। मतदान केंद्र का पुनर्व्यवस्थापन 11 दिसंबर तक कर दी गई है। इसी प्रकार कन्ट्रोल टेबल में अद्यतनीकरण तथा मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन की तैयारी 12 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चलेगा। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 16 दिसंबर को किया जाएगा। दावा आपत्ति दर्ज करने की संशोधित अवधि 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। प्राप्त दावा-आपत्ति पर सुनवाई और सत्यापन तथा निराकरण का कार्य 16 दिसंबर से 7 फरवरी 2026 तक चलेगा।

### तातापानी महोत्सवः नोडल अधिकारी नियुक्त

**बलरामपुर।** तातापानी महोत्सव मकर संक्रांति पर्व 2026 के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर को नोडल अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलरामपुर अभिषेक गुप्ता को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है साथ ही उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को कार्य एवं दायित्व सौंपा है। कलेक्टर श्री कटारा ने पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग, वनमण्डलाधिकारी को बैरिकेडिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी है। इसी प्रकार संबंधित एवं विभागीय अधिकारियों को विभिन्न कार्यों का दायित्व सौंपा गया है। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था, विभागीय स्टॉलों का आबंटन, बैठक व्यवस्था, मेला स्थल समतलीकरण, लेआउट, बैरिकेडिंग, मंच निर्माण, टेंट-पंडाल, साउण्ड सिस्टम एवं शासकीय स्टॉल का निर्माण, दुकानों हेतु स्थल चिन्हांकन, आबंटन, पार्किंग व्यवस्था, मेला स्थल पर विद्युत की व्यवस्था, मंदिर परिसर की साज-सज्जा, नेटवर्किंग व्यवस्था, फोटोग्राफी, महोत्सव के प्रचार-प्रसार जैसे अन्य कार्यों का दायित्व सौंपा गया है।

**ड्रेस कोड और समय पालन को लेकर प्रशासन सख्त** | **देर से पहुंचने वाले उम्मीदवारों को नहीं मिलेगा प्रवेश**

# कोरिया जिले के 18 केन्द्रों में 4738 अभ्यर्थी देंगे अमीन की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में 7 दिसंबर को होने वाली अमीन भर्ती परीक्षा को लेकर व्यापम और जिला प्रशासन ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलरहित बनाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था इस बार बेहद कड़ी रहेगी। कोरिया जिले से कुल 4,738 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे, जिनके लिए 18 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा दोपहर 12 बजे शुरू होगी, लेकिन केन्द्र का मुख्य द्वार 11:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। देर से पहुंचने वाले उम्मीदवारों को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।




अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा केन्द्र में कम से कम दो घंटे पहले पहुंचे। प्रवेश के दौरान फ्रिस्किंग, फोटोयुक्त पहचान पत्र का सत्यापन और दस्तावेजों की जांच की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों में किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक सामान, मोबाइल फोन, घड़ी, ब्लूटूथ, कैलकुलेटर, ईयरबड, स्मार्ट डिवाइस, आदि पूरी तरह वर्जित होंगे। महिला एवं पुरूष अभ्यर्थियों को कानों में किसी भी प्रकार के आभूषण नहीं पहनने दिए जाएंगे। जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे सभी दिशा-निर्देशों का पालन कर समय पर परीक्षा केन्द्र पहुंचे, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सुचारू तरीके से संपन्न हो सके।

#### ड्रेस कोड पर जोर

इस बार ड्रेस कोड के नियम बेहद स्पष्ट और कड़े हैं। केवल हल्के रंग के, आधी बांह वाले कपड़े ही पहनकर आएं। काला, गहरा नीला, हरा, जामुनी, मैरून, बैंगनी, गहरा चॉकलेटी रंग पूरी तरह प्रतिबंधित। केवल बिना पॉकेट वाला साधारण स्वेटर पहनने की अनुमति होगी। धार्मिक अथवा सांस्कृतिक परिधान पहनने वाले अभ्यर्थियों को सामान्य से पहले केन्द्र पहुंचकर अतिरिक्त सुरक्षा जांच करानी होगी। फुटवियर में केवल चप्पल पहनने की सलाह दी गई है।

## उल्लास नवभारत साक्षरता अभियानः 7,049 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कंडिका 23 सबके लिए शिक्षा के अनुरूप उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत जिले में व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पूरे जिले में परीक्षा संबंधी सूचना प्रसार और जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए अनेक पहलें की गई।

कलेक्टर के निर्देशों के अनुसार जिलेभर में जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए मशाल रैली, दीवारों पर नारे लेखन, कोटवारों द्वारा मुनादी, जन-जागरूकता रैलियां का आयोजन किया गया, ताकि प्रत्येक शिक्षार्थी इस महत्वपूर्ण परीक्षा में अनिवार्य रूप से शामिल हो सके। इन आयोजनों ने गांव-गांव और घर-घर तक अभियान के उद्देश्य और महत्व को पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। महा परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों की भागीदारी उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत इस वर्ष जिले के 303 परीक्षा केन्द्रों में कुल 7,049 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। यह परीक्षा सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के माध्यम से असाक्षर नागरिकों को साक्षरता का प्रमाण-पत्र प्रदान करने



का अवसर मिलेगा, जिससे वे अपने जीवन में नए आत्मविश्वास और अधिकारों की समझ के साथ आगे बढ़ सकेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मार्गदर्शी सिद्धांतों पर आधारित यह महा परीक्षा न केवल शिक्षार्थियों को प्रमाणन प्रदान करेगी, बल्कि जिले की साक्षरता दर बढ़ाने की दिशा में एक उल्लास पूर्ण पहल है। प्रशासन ने सभी शिक्षार्थियों, कोऑर्डिनेटरों और शिक्षकों से अपील की है कि वे इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें।

**जिला प्रशासन की टीम लगातार दे रही दबिश**

# अवैध धान भंडारण : 200 क्विंटल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू बनाए रखने प्रशासन निरंतर सक्रिय है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिले के तहसीलदारों एवं उनकी राजस्व टीम ने अलग-अलग गांवों में अवैध धान भंडारण और फर्जी बिक्री के मामलों में प्रभावी कार्रवाई की है।

विभिन्न स्थानों से लगभग 200 क्विंटल अवैध या अनियमित धान जब्त किया गया। तहसीलदार व टीम ने ग्राम बदरा में कृषक राधेश्याम के यहां दबिश दी। जांच में उसके पास बिना अनुमति रखा गया 21 बोरी अवैध धान मिला, जिसे मौके पर ही राजस्व अभिरक्षा में ले लिया गया। इसी तरह ग्राम टेमरी में की गई कार्रवाई में 32 बोरी अवैध रूप से भंडारित धान पाया गया। राजस्व अमले ने संपूर्ण धान



राजस्व टीम द्वारा जब्त किए गए धान।

को विधि अनुसार जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू की। शिकायतकर्ता सुशील कुमार आत्मज सुखलाल द्वारा की गई शिकायत पर भी प्रशासन ने जांच की। शिकायत में आरोप था कि तुलेश्वर आत्मज भैयालाल अवैध रूप से धान खरीदकर अपने ही टोकन से केन्द्र पोंड़ी में बेचने का प्रयास कर रहा है। जांच में पाया गया कि तुलेश्वर के खसरा क्रमांक 385 (आंशिक) एवं 389 (पूर्ण) में धान मौजूद था। पंजीयन के अनुसार उसके पास 43 क्विंटल धान बेचने का टोकन था, जबकि वास्तविक पात्रता केवल 15 क्विंटल की थी। प्रशासन ने 15 क्विंटल धान बेचने की अनुमति दी, शेष 28 क्विंटल (68 बोरी) धान जब्त कर समिति प्रबंधक पोंड़ी के सुपुर्द कर दिया गया। तुलेश्वर के पंजीयन में 170 क्विंटल धान दर्ज था, लेकिन मौकेपर 58 क्विंटल नया धान, 48 क्विंटल पुराना धान, 28 क्विंटल मिश्रित/खरीदा हुआ धान पाया गया। इस आधार पर कुल 76 क्विंटल अवैध/अनियमित धान जब्त किया गया। शेष 58 क्विंटल धान तुलेश्वर के खेत का पाया गया, जिसे वैध माना गया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन ने अनेक उपार्जन केन्द्रों में कृषक सहायता केन्द्र स्थापित किए हैं, जहां किसानों को धान बेचने, रकबा संशोधन, समर्पण और अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं में अधिकारियों द्वारा तत्काल सहायता प्रदान की जा रही है।



# पैरावट पर बिछ रही बर्फ की सफेद चादर

**सोनहत।** क्षेत्र में बीते दो दिनों से लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड ने लोगों की दिनचर्या पर असर डालना शुरू कर दिया है।

बादलों के छंटने के साथ ही तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। ठिठुरन के चलते आमजन खासे परेशान दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्र में ठंड का असर इस कदर बढ़ गया है है कि अलसुबह पैरावट पर बर्फ की सफेद चादर बिछ जा रही है। मुख्यालय सहित बेलिया, केशगवां, तंजार, पलारीडांड़ समेत आसपास के वनांचल गांवों में लोग सुबह-शाम

- **कड़ाके की ठंड से ठिठुर रहा जनजीवन**

अलाव का सहारा लेने को विवश हैं। ठंड बढ़ने से मजदूरी, कृषि कार्य और दैनिक गतिविधियों पर भी असर देखने को मिला है। शाम ढलते ही बाजारों में सन्नाटा पसरने लगा है और लोग घरों में दुबक रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अस्पताल, बस स्टैंड एवं प्रमुख चौराहों पर अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से जल्द सार्वजनिक स्थलों पर अलाव व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है, जिससे ठंड से राहत मिल सके।

## 11 हाथियों का दल ओदारी में कर रहा विचरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया वन मंडल बैकुंठपुर अंतर्गत वन परिक्षेत्र देवगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में 11 हाथियों के दल द्वारा कई किसानों के धान फसल को चट कर गए, वहीं एक दो ग्रामीणों के घरों को भी नुकसान पहुंचाने की जानकारी है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को हाथियों का दल ओदारी क्षेत्र के कक्ष क्रमांक पी 402 से होते हुए वापस धुम्माडॉड़ क्षेत्र में धान की फसल खाते हुए ललमटियापारा भैंसवार क्षेत्र पहुंच गए और इस क्षेत्र से हाथियों का दल ग्राम अमरा पहुंचे। इस क्षेत्र में कुछ देर विचरण करते हुए हाथियों का दल ग्राम अकलासरई की ओर आगे बढ़ा और फिर ग्राम अकलासरई से होते हुए हाथियों का दल पंडोपारा पहुंचे, जहां कुछ ग्रामीणों के धान फसल को चट किए, इसके बाद फिर बीट अकलासरई ग्राम के कक्ष क्रमांक पी 339 क्षेत्र में विचरण करते रहे। जानकारी के अनुसार हाथियों के 11 सदस्यीय दल के द्वारा क्षेत्र के एक-दो ग्रामीणों को क्षति पहुंचाई। विभागीय अमला फसल क्षति एवं मकान क्षति का आंकलन कर रहे हैं। साथ ही क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथियों के दल से सुरक्षित दूरी बनाए रखने एवं हाथियों से किसी प्रकार के छेड़छाड़ नहीं करने की समझाईस दी जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार हाथियों का दल ग्राम बदरा, बंशीपुर तथा कचोहर की ओर जाने की संभावना जताई है।

**पौधे की सुरक्षा में जुटी छात्रा...**



**बैकुण्ठपुर।** एक पेड़ मां के नाम पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न तरह के पौधे विद्यालय परिसर में रोपे गए, जिनकी सुरक्षा के लिए एक छात्रा द्वारा घेरा बनाते हुए।

# इलेक्ट्रॉनिक नीलामी : रेत की एकाएक बढ़ी कीमतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग शासन खनिज साधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत कोरिया जिले की दो रेत खदानें चिरमी ए 1 एवं गेजी ए 2- को छग गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 के अनुसार घोषित कर इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से 21 नवंबर को सफलतापूर्वक नीलाम कर दिया गया।

- **मनिर्माण कार्य में जुटे लोग परेशान**

खनिज विभाग का कहना है कि ई-नीलामी प्रक्रिया से भविष्य में रेत से होने वाला राजस्व बढ़ेगा, साथ ही रेत माफियाओं द्वारा अवैध परिवहन, उत्खनन और अवैध वसूली पर कड़ी रोक लगेगी। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया कि इलेक्ट्रॉनिक नीलामी से रेत कारोबार में पारदर्शिता आएगी और अवैध रेत उत्खनन व परिवहन की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण



रखा जाएगा, लेकिन दूसरी ओर इन दिनों रेत की कीमत बाजार में एकाएक दुगुना हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार पहले रेत की कीमतें ट्रैक्टर में 1500-1800 थीं वह बढ़कर 3000 रुपए हो गए़ं, इसी तरह मिनी टीपर में रेत की कीमत 2500 रुपए थीं, वह अब बढ़कर 4500-5000 रुपए तक हो गई हैं। इससे निर्माण कार्यों में जुटे लोग काफी परेशान हो गए हैं।


⏭ शेष पेज 4 पर


**सिटी कोतवाली के सामने लिखी गई हैं जानकारियां**

# लोगों को जागरूक करने दीवारों पर लिखे गए स्लोगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर कोरिया पुलिस द्वारा नवीन कानून एवं यातायात जागरूकता को लेकर दीवारों में स्लोगन लिखवा कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुर्रे के दिशा-निर्देश पर कोरिया पुलिस द्वारा नवीन कानून को लेकर जहां शहर के कुमार चौक पर जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्टाल लगाकर लोगों को नवीन कानून की जानकारी दी जा रही है, वहीं सिटी कोतवाली परिसर के सामने दीवार लेखन कर नवीन कानून की जानकारी सहित यातायात और साइबर क्राइम से जागरूकता के स्लोगन लिखवाकर लोगों को जागरूक कर रही है। सिटी कोतवाली के अहाते के बाहरी दीवार पर कानून के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। दीवार लेखन कर यह संदेश दिया जा रहा है कि कानून से बड़ा कोई नहीं है। कोई भी व्यक्ति चाहे वह कितना भी बड़ा हो कानून तोड़ने पर उसके विरूद्ध कानून में निहित प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। वहीं सार्वजनिक स्थल एवं आम मार्ग पर वाहन खड़ा करके केक काटना जन्म दिन मनाना पटाखा फोड़ना बाइक स्टंटबाजी करना दंडनीय अपराध है जैसे विभिन्न तरह के कानूनी प्रावधानों को दीवार पर अंकित कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया है।







पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे के दिशा-निर्देश पर सिटी कोतवाली के सामने लिखे गए श्लोगन।

#### योजनाओं को लेकर भी जन जागरूकता

कोरिया पुलिस द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में भी दीवार लेखकर कर जन जागरूकता फैलाने का काम किया है। कोरिया पुलिस ने सिटी कोतवाली परिसर में दीवार लेखकर कराकर राहगीर योजना के बारे में भी बताया कि केन्द्र सरकार की राहवीर योजना प्रदेश में लागू है। इस योजना के तहत बिना किसी डर के सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद कर जान बचाने पर पुलिस परेशान नहीं करेगी, बल्कि घायल को अस्पताल पहुंचाकर जान बचाने पर 25 हजार रूपए का इनाम तथा प्रशंसा पत्र भी दिया जाएगा, इसके अलावा अन्य योजनाओं का भी प्रसार दीवार लेखन कर किया गया।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर हिंदू महासंगम का आयोजन 9 को

**बिश्रामपुर।** शहर में धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता का भव्य संगम का आयोजन 9 दिसंबर को होने जा रहा है,हिन्दू जनजागरण समिति मण्डल बिश्रामपुर द्वारा आयोजित हिन्दू महासंगम के लिए तैयारियां तेज हो चुकी हैं, गौरतलब है कि 9 दिसंबर मंगलवार को दोपहर 1 बजे से दशहरा मैदान केंद्रीय चिकित्सालय के सामने संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर बिश्रामपुर खंड में हिंदू महासंगम का विशेष रूप से आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रभाव क्षेत्र बढ़ाने और सामाजिक एकता का संदेश घर-घर पहुंचाने स्वयंसेवक लगातार ग्रामीण क्षेत्रों,कॉलोनियों और बाजारों में जाकर लोगों को आमंत्रण पत्र बांट रहे हैं,हर घर तक पहुंचने का लक्ष्य लेकर स्वयंसेवक सुबह से शाम तक संपर्क अभियान चला रहे हैं,आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कार और सामाजिक समरसता का महापर्व होगा,कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना है,आयोजन समिति ने बताया कि महाभंडारे की विशेष व्यवस्था की गई है।

### संयुक्त टीम ने केतकी खदान क्षेत्रीय लैब का किया निरीक्षण



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में इन दिनों गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा सक्रिय रूप से चल रहा है,इसी क्रम में शुक्रवार को क्षेत्र की महत्वपूर्ण केतकी खदान और क्षेत्रीय लैब का उच्च अधिकारियों की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान खदान संचालन,सुरक्षा मानकों,सैंपल की गुणवत्ता और लैब परीक्षण प्रक्रियाओं की गहन समीक्षा की गई,उच्च अधिकारियों के निरीक्षण दल में विजय कुमार राय मुख्य प्रबंधक गुणवत्ता,हरीश कुमार उप प्रबंधक गुणवत्ता,बसंत लाल राजवाड़े तकनीकी निरीक्षक,क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधक अमरेंद्र नारायण सिंह तथा अन्य तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद रहे,टीम ने खदान के विभिन्न सेक्शनों का दौरा किया और उत्पादन कार्य तथा सुरक्षा उपायों के अनुपालन की स्थिति का मूल्यांकन किया,इसके बाद क्षेत्रीय लैब में नमूनों की जांच प्रक्रिया, सटीकता और रिकॉर्डिंग सिस्टम की विस्तृत समीक्षा की गई,निरीक्षण उपरांत टीम लीडर विजय कुमार राय ने गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया।

### रासेयो ने योगाभ्यास के बाद निकाली जागरूकता रैली




**करवां।** उमा विन्ध्यवासिनी संस्कार महाविद्यालय लटोरी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय कार्य योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत गजाधरपुर में रैली तथा योगाभ्यास से किया गया। परियोजना कार्य के अंतर्गत गजाधरपुर के ग्राम पंचायत भवन का मैदान, नल की साफ - सफाई कर जागरूकता का संदेश दिया गया। मध्यांतर में बौद्धिक चर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती पुष्पा, सहायिका पूर्णिमा जायसवाल उपस्थित थी। एनएसएस अधिकारी भागीरथी पातर, सहायक अधिकारी सुश्री उषा किरण भगत। स्वयं सेवकों की टीम द्वारा गीत प्रस्तुति, स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय तथा दार्शनिक विचारों का वर्णन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा युवाओं के कर्त्तव्य एवं देश हमारा विकसित हो समाज सेवा की राह में चले आदि विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पुलिस व ग्रामीणों के बीच हुए खूनी संघर्ष को लेकर कांग्रेस की जांच टीम गठित

**अंबिकापुर।** अमेरा कोल खदान के विस्तार को लेकर परसोडीकला में हुए विरोध प्रदर्शन और पुलिस एवं ग्रामीणों के बीच झड़प के ममले में अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच टीम का गठन किया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह को संयोजक बनाया है। इसके साथ ही पूर्व मंत्री के नेतृत्व में दस सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। टीम में सदस्य के रूप में विधायक इंद्रशाह मंडावी, विधायक जनक ध्रुव, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, पूर्व जिपं अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा सोनी, डीसीसी उपाध्यक्ष मुनेश्वर राजवाड़े, जिपं सदस्य श्रीमती अनिमा केरकेट्टा को शामिल किया गया है। जांच समिति प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों, प्रभावितों से मिलकर वस्तु स्थिति की जानकारी लेने के साथ ही अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी। बता दें कि कोल खदान के विस्तार को लेकर विरोध प्रदर्शन ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया था जिसमें पुलिस व ग्रामीणों की ओर से जमकर पत्थरबाजी हुई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ने के साथ ही लाठी भांजी थी।

### वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को हटाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**उदयपुर।** उप सरपंच संघ ने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को हटाने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में उप सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने बताया है कि उयपुर विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राधाकृष्ण यादव के भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में कृषि मंत्री को अवगत कराया गया था।

---

गंभीर एवं सामान्य मरीजों के लिए है दो अलग-अलग इलेक्ट्रिक वाहन

# मरीजों को लाने ले जाने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपलब्ध है दो वाहन, फिर भी नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- व्हील चेयर और स्ट्रेचर से मरीज का जांच कराने को मजबूर परिजन

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए न सिर्फ विभिन्न जांच सुविधाएं उपलब्ध है बल्कि मरीजों को जांच कराने के लिए दो इलेक्ट्रिक वाहनों की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। हैरानी की बात तो यह है कि वाहनों के सुविधा होने के बावजूद मरीजों का इसका लाभ नहीं मिल रहा। आलम यह है कि वाहन सुविधा नहीं मिलने से परिजन खुद ही मरीज के जांच कराने के लिए व्हील चेयर को धक्का लगाने को मजबूर है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में गंभीर एवं सामान्य मरीज के लिए दो अलग अलग इलेक्ट्रिक वाहन है बावजूद इसके मरीजों को वाहनों का लाभ नहीं मिलने से अब वाहन सिर्फ शो पीस बनकर रह गई है। ऐसे में मुख्य मार्ग होने तथा वाहनों के आवागमन करने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के महिला सर्जिकल, मेडिकल वार्ड सहित एमसीएच में दाखिल मरीजों को सीटी स्कैन, एक्स-रे जांच के लिए पूर्व की भांति सड़क पार कर ओपीडी परिसर ले जाना पड़ता है। एक तो जांच कक्ष के दूर होने तथा दूसरी ओर मरीजों को स्ट्रेचर एवं व्हील चेयर से सड़क पार कराकर ले जाने के दौरान परिजन सहित मरीज को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खास कर सड़क दुर्घटना में घायल हुए मरीजों को सड़क से लेकर जाने में न सिर्फ परेशानी होती है बल्कि वाहन से टकराने का भी खतरा बना रहता है। एमसीएच परिसर स्थित विभिन्न वार्ड में दाखिल मरीजों को जांच कराने के लिए परेशानियों का सामना न करना पड़े इसे ध्यान में रखकर अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों को राहत देने के लिए इस वर्ष ही जनवरी माह में लगभग 4 लाख की लागत से इलेक्ट्रिक स्काई राइडर वाहन की खरीदी की गई और मरीजों को विभिन्न जांच कराने लाने ले जाने के लिए उपलब्ध कराई गई। हालांकि इस इलेक्ट्रिक वाहन में मरीजों के सिर्फ बैठने की सुविधा थी जबकि गंभीर मरीजों के लिए एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाती थी। समय पर एंबुलेंस नही मिलने के कारण गंभीर मरीजों को जांच कराने लाने ले जाने के लिए स्ट्रेचर का ही सहारा लेना पड़ता था। गंभीर मरीजों के विभिन्न जांच में हो रही परेशानी के मद्देनजर अस्पताल प्रबंधन द्वारा साल के अंतिम माह दिसंबर में एक और इलेक्ट्रीक स्काई राइडर वाहन की खरीदी लगभग पांच लाख की लागत से की जो गत दिन से मरीजों के लिए शुरू किया गया। हैरानी की बात तो यह है कि अस्पताल में दाखिल मरीजों के सुविधा के लिए अब दो इलेक्ट्रिक वाहन की सुविधा हो गई है। लेकिन कर्मचारियों के लापरवाही के कारण मरीजों को वाहन सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में परिजन खुद ही मरीज को व्हील चेयर में बैठा कर सड़क पार कर विभिन्न जांच कराने को मजबूर है।




ओपीडी में खड़ी इलेक्ट्रिक वाहन।



व्हीलचेयर से मरीज को जांच कराने ले जाते परिजन।

#### मरीजों की सुविधा के लिए है दो इलेक्ट्रिक वाहन

मरीजों के विभिन्न जांच तथा मरीजों को वार्ड तक पहुंचाने के लिए दो इलेक्ट्रिक वाहन की सुविधा है। एक इलेक्ट्रिक वाहन की खरीदी साल के शुरुआत जनवरी माह में 4 लाख की लागत से की गई तो वहीं दूसरी इलेक्ट्रिक वाहन की खरीदी साल के अंतिम माह दिसंबर में 5 लाख की लागत से की गई। एक वाहन में सिर्फ बैठने की व्यवस्था है जबकि गंभीर के नहीं बैठ पाने पर मरीजों को वाहन से लेकर जाना मुश्किल है। ऐसे अस्पताल प्रबंधन द्वारा दूसरी इलेक्ट्रिक वाहन की खरीदी की गई जिसमें मरीज को लिटा कर आसानी से जांच करने ले जाया जा सकता है।

#### दुर्घटना की संभावना

मेडिकल कॉलेज अस्पताल दो हिस्सों में बटा है मुख्य ओपीडी व एमसीएच के बीच से मुख्य मार्ग गुजरी है जहां से बड़ी संख्या वाहन सवार आवागमन करते है। सड़क की एक और ओपीडी, आपात कालीन सेवा, सीटी स्कैन, एक्स-रे, पैथोलेब, ब्लड बैंक व कार्यालय सहित अन्य जांच लेब है। जबकि सड़क की दूसरी ओर 100 बिस्तर मातृ शिशु अस्पताल के अलावा महिला सर्जिकल, मेडिकल व अन्य वार्ड संचालित है। एमसीएच क्षेत्र में दाखिल मरीजों को व्हील चेयर या स्ट्रेचर से जांच के लिए ओपीडी की ओर लाने के लिए भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसे में मुख्य मार्ग से गुजर रहे वाहन से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

#### मरीज के साथ होते हैं स्टाफ

अस्पताल में मरीजों को विभिन्न जांच कराने के लिए दो वाहन उपलब्ध है। गंभीर मरीजों के लिए स्ट्रेचर वाली वाहन है जबकि सामान्य मरीज के लिए बैठने वाले वाहन है। बैठने वाली वाहन से मरीज जांच कराने गए होंगे जिससे वाहन नहीं मिली होगी। हालांकि मरीज को व्हील चेयर से जांच कराने के दौरान सुरक्षा के लिए स्टाफ साथ होते है।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

---

## करंजी रेलवे साइडिंग का राजस्व व पर्यावरण विभाग ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

करंजी रेलवे साइडिंग से फैलते प्रदूषण, अनियमित कोल परिवहन और ग्रामीणों की बढ़ती परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को राजस्व विभाग और पर्यावरण विभाग की संयुक्त टीम ने स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। कोयले का अवैध भंडारण, बिना अनुमति लोडिंग, पर्यावरणीय मानकों की अनदेखी और धूल नियंत्रण की किसी भी व्यवस्था का न होना पाया गया। ग्रामीणों की शिकायतें सही साबित होने के बाद अब इस साइडिंग को लेकर बड़े स्तर पर कार्रवाई की उम्मीद बढ़ गई है। निरीक्षण टीम के पहुंचते ही साइडिंग परिसर में विशाल मात्रा में कोयले का भंडारण दिखाई दिया।

उसी दौरान लोडिंग भी जारी थी, जबकि शासन स्तर पर इसके लिए आवश्यक अनुमति व दस्तावेज की जांच करने पर कोई भी प्रमाण उपलब्ध नहीं कराया गया। स्थल पर मौजूद साइडिंग इंचार्ज विपिन कुमार साईं कृपा कंपनी, बुढ़ार शहडोल टीम के सवालों पर घिरते नजर आए। बताया जा रहा है कि यहां पर निरीक्षण टीम ने पाया कि पानी छिड़काव की कोई मशीन या टैंकर मौजूद नहीं था, विंड वाल या विंड ब्रेकिंग सिस्टम भी पूरी तरह नदारद, कोयले की ढुलाई से लगातार उठ रही धूल साइडिंग सड़कों और खेतों में फैल रही थी। टीम के अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि इतना बड़ा संचालन बिना धूल नियंत्रण के चलाना गंभीर पर्यावरणीय अपराध की श्रेणी में आता है। यहां पर निरीक्षण के दौरान पर्यावरणीय सहमति, रेलवे संचालन परमिशन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनिवार्य कागजात कहीं भी उपलब्ध नहीं थे। निरीक्षण टीम ने इसे गंभीर लापरवाही व नियमों का खुला उल्लंघन कहा है। साइट प्रतिनिधियों ने बताया कि यहां पर कोयला मेसर्स आमगांव ओसीएम, केतकी अंडरग्राउंड खदान व मेसर्स जगन्नाथपुर ओसीएम से आता है। यहां से लोड होकर कोयला एसजीटीपी बिरसिंहपुर पावर प्लांट व एमआर उत्कल एल्यूमिनियम, उड़ीसा भेजा जाता है।

यहां पर रायगढ़ से कोल डस्ट मंगाकर फ्लोरिंग और लोडिंग का कार्य भी किया जा रहा है। टीम ने इस पर भी कड़ी आपत्ति जताई है। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि हैवी डस्ट से सांस की बीमारियां बढ़ रही हैं। कोयले की धूल खेतों पर जमकर फसलों को खराब कर रही है। धूल और गंदगी तालाबों, कुओं और नालों में पहुंच रही है, जिससे पानी पीने योग्य नहीं रह गया है।ग्रामीणों ने कहा कि साइडिंग के माध्यम से कोल डस्ट की अवैध ढुलाई भी होती है, जिससे सड़कें काली और फिसलनभरी हो जाती हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से तत्काल रोक लगाने और जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।राजस्व और पर्यावरण विभाग की टीम ने सभी अनियमितताओं का मौके पर पंचनामा तैयार किया और स्पष्ट किया कि पूरा मामला उच्च अधिकारियों तक भेजा जाएगा। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि आगामी दिनों में सख्त निगरानी, नियमों का पालन और आवश्यकता पड़ने पर सीलिंग या संचालन पर रोक जैसी कार्रवाई भी हो सकती है।



## सीएमएचओ एवं कार्यक्रम प्रबंधक ने सीएचसी लटोरी का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- कार्य में लापरवाही बरतने की मिल रही थी शिकायत
- एक सप्ताह पूर्व ड्यूटी डॉक्टर के नदारद रहने की वजह से लटोरी पुलिस को एमएलसी कराने एवं कानूनी प्रक्रिया में हुई थी देरी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लटोरी में चिकित्सा व्यवस्था में लापरवाही बरते जाने की शिकायत मिलने पर सूरजपुर सीएमएचओ डॉ कपिलदेव पैकरा और जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप नामदेव द्वारा सीएचसी लटोरी का औचक निरीक्षण किया गया,जिसमें वहां पर पदस्थ सभी कर्मचारियों का आधार अटेंडेंस उपस्थिति जांच किया गया,साथ ही समय पर अस्पताल खुलने एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधित सभी प्रकार के सुविधाओं को देने के लिए निर्देशित किया गया।

संस्था प्रभारी को 10.30 बजे तक आधार अटेंडेंस की उपस्थिति अनिवार्य रूप से निगरानी करते हुए अनुपस्थित लोगों का सूची सीएमएचओ कार्यालय भेजने के लिए निर्देश दिए गए,इसके बाद नवापारा लटोरी में चल रहे टीकाकरण केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें ड्यू लिस्ट एमसीएच रजिस्टर, आरसीएच रजिस्टर में बच्चों और गर्भवती माताओं का टीकाकरण इंद्राज करने और गर्भवती माता का चार जांच इंद्राज करने के लिए निर्देशित किया गया।

साथ ही उच्च जोखिम वाले गर्भवती माता का चिन्हांकित कर समय पर उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं देते हुए सुरक्षित प्रसव करने हेतु निर्देशित किया गया,गौरतलब है कि सप्ताह भर पूर्व ही यहां पदस्थ चिकित्सक राजेश साव द्वारा ड्यूटी से नदारत रहने की वजह से पुलिसिंग कार्यवाही में विलंब होने की खबर भी प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी,इसी वजह से सीएमएचओ द्वारा आज शुक्रवार को सीएचसी लटोरी का निरीक्षण किए जाने की आशंका जताई जा रही है।



पूछताछ करते सीएमएचओ।

---

## धान खरीदी अव्यवस्था पर फूटा किसानों का गुस्सा, किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- छह दिन की मोहलत के बाद किया धरना प्रदर्शन समाप्त

धान खरीदी केंद्रों में रकबा कटौती, ऑनलाइन टोकन की अव्यवस्था, सहकारी समितियों द्वारा किसानों से जबरन बोरी पलटी व छल्ली कराने जैसी समस्याओं के विरोध में आज बड़ी संख्या में किसानों ने तहसील परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने साफ चेतावनी दी कि यदि छह दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

धरना कार्यक्रम कांग्रेस प्रदेश महामंत्री शिव भजन मरावी के नेतृत्व में किया गया। सभा को संबोधित करते हुए श्री मरावी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसान-विरोधी नीतियों ने खेत–खलिहानों में संकट ला दिया है। धान रकबा कटौती और टोकन अव्यवस्था से किसान परेशान हैं। समितियों में किसानों से जबरन बोरी पलटी करवाना असंवेदनशील को दर्शाता है। श्री मरावी ने चेतावनी दी है कि 6 दिनों में व्यवस्था नहीं सुधरी तो प्रतापपुर से सूरजपुर तक आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुश्री शशि सिंह ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है और उसके साथ हो रहे अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरना स्थल से किसानों ने कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी प्रतापपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। इसमें सभी धान खरीदी केंद्रों पर जबरन करवाए जा रहे बोरी पलटी और छल्ली कार्य को तत्काल बंद करने की मांग की गई है। इस दौरान विद्यासागर सिंह, जगत लाल आयाम, नवीन जायसवाल, इम्तियाज़ जफ़र, त्रिभुवन सिंह, संजीव श्रीवास्तव, हरि कुशवाहा, विजय नारायण कुशवाहा, सुमन प्रजापति, उमेश राजवाड़े, कमलेश राजवाड़े, बृजलाल, राम सुंदर मरकाम, जितेंद्र, विफन सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



## मन की बात कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मन की बात समिति की प्रथम बैठक व कार्यशाला नवानगर में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य एवं मण्डल अध्यक्ष बाली चरण यादव की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने उपस्थित पदाधिकारियों से चर्चा की तथा हर माह अलग-अलग थीम पर कार्ययोजना बनाकर एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता, खेल-कूद प्रतियोगिता सभी 787 बूथों पर आयोजित करने को कहा। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के विधानसभावार कार्यक्रम में युवाओं को सम्मिलित करवाने तथा एसआईआर पर सभी बूथों में बीएलए 2 को सक्रिय भागीदारी रखने का मण्डल अध्यक्षों से आग्रह किया। कार्यशाला में पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा अनवरत जनता के बीच में जाकर कार्य करते रहती है।

---

## भू अधिग्रहण अधिनियम का नहीं हो रहा पालन : भगत

- पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री ने प्रदेश सरकार पर बोला हमला



**अम्बिकापुर।** पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने अपने निवास में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार का 2 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशभर में उत्सव मनाने की तैयारी है। राज्य की भाजपा सरकार ने कांग्रेस के 400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया तथा काफी विरोध के बाद 200 यूनिट तक हाफ योजना का लाभ अब मिलेगा। धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है, प्रदेश के हजारों किसानों का रकबा काट दिया गया है। सरगुजा से लेकर बस्तर तक के ग्रामीणों को माइनिंग के लिए केन्द्रीय भू-अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अनुसार सरकार मुआवजा नहीं दे रही है।

श्री भगत ने कहा कि जश्न मनाने से पहले सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक विकास व नहीं किए गए विकास कार्यों के साथ कितने स्कूल बंद किए तथा शराब की कितनी दुकानें खोली है इस संबंध में सरकार श्वेत पत्र जारी कर जनता को बताए। उन्होंने कहा कि सरगुजा के मैनपाट में बिना ग्राम सभा के प्रस्ताव के कई ग्रामों में माइनिंग की तैयारी हो रही है जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष है। मैनपाट में माइनिंग हुआ तो पर्यटन की संभावना समाप्त हो जाएगी। घुनघुट्टा नदी एवं मछली नदी सहित अन्य जल स्त्रोतों को क्षति पहुंचाने में सरकार कोई भी कसर नहीं छोड़ रही है। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि जिन क्षेत्रों में माइनिंग होगा, केन्द्रीय भू अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अनुसार चार गुना मुआवजा देने का प्रावधान है परंतु सरकार, प्रशासन एवं कंपनिया इसके विरूद्ध काम कर रही हैं जो लोगों के साथ अन्याय है। श्री भगत ने कहा कि धान खरीदी के लिए किसानों का अब तक पंजीयन नहीं हो पाया है। रकबा में कटौती से किसान परेशान है। अमेरा माइंस में कोयला खनन को लेकर ग्रामीणों एवं एसईसीएल, पुलिस के बीच बुधवार को हुई झड़प को श्री भगत ने जनभावना के विपरीत बताया तथा कहा कि बिना सहमति एवं नौकरी के खनन संभव नहीं है।

### मिर्गी का दौरा पड़ने से गिरा बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** कांसाबेल अंतर्गत ग्राम बंगलाटोरी सहरा पानी निवासी जस्बावीन कुजूर आ. नासरीत कुजूर (31 वर्ष) गांव में बाइक से अकेले किराना दुकान में सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक मिर्गी का दौरा पड़ने से अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क पर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को कांसाबेल अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की बीती रात मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने मदगुरी एवं लरीमा हाई स्कूल में की साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य एवं जिपं अध्यक्ष हिरामुनि निकुंज,जनपद अध्यक्ष बसंती भगत,जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी की उपस्थिति में मदगुरी हाई स्कूल में 21 एवं लरीमा हाई स्कूल में 19 छात्राओं को साइकिल वितरण किया। दोनों विद्यालय के बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। जिस पर विधायक उद्धेश्वरी री पैकरा द्वारा दोनों विद्यालय के बालिकाओं को 1500-1500 की नगद राशि से पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि सभी बालिकाएं समय से विद्यालय आना जाना करें तथा मन लगाकर पढ़ाई करते हुए घर के कामकाज में भी मां पिता का हाथ बटाए। शासन आज कल जन्म से लेकर पूरे पढ़ाई समय तक पढ़ने वाले बालक,बालिकाओं के लिए कई योजनाओं का लाभ दे रहा है। सरस्वती साइकिल वितरण योजना पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के शासन से लागू की गई है, जो आज भी जारी है। इस दौरान लक्ष्मण सिंह पैकरा, केदार गुप्ता, राकेश भारती, राजेश्वर गुप्ता, मुरारी सोनी, सुनीता भगत, बालों बाई, रविन्द्र भगत,थाना प्रभारी कोरंधा सहित ग्राम पंचायत के सरपंच, अभिभावक विद्यालय के शिक्षक के अलावा बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र,छात्राएं उपस्थित थे। गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा के दौरान संयुक्त टीम ने केतकी खदान व क्षेत्रीय लैब का किया निरीक्षण बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में इन दिनों गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा सक्रिय रूप से चल रहा है,इसी क्रम में शुक्रवार को क्षेत्र की महत्वपूर्ण केतकी खदान और क्षेत्रीय लैब का उच्च अधिकारियों की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया।





# अगले साल आएगा धुरंधर का सेकंड पार्ट रिवेंज

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर'शुक्रवार को रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। लेकिन, फिल्म के अंत में दर्शकों को एक बड़ा सरप्राइज भी मिला है। मेकर्स ने धुरंधर के अंत में ही इसके सेकंड पार्ट की घोषणा भी कर दी है। धुरंधर की सीक्वल फिल्म रिवेंज नाम से अगले साल 19 मार्च 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। अब देखना ये है कि सेकंड पार्ट में फिल्म की कहानी किस तरह से आगे बढ़ती है। साथ ही फिल्म की कास्ट में क्या बदलाव आते हैं। रिलीज के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अधिकांश दर्शकों को फिल्म के सभी कलाकारों का काम पसंद आ रहा है। हालांकि, अक्षय खन्ना फिल्म की बाकी कास्ट पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। जबकि, रणवीर सिंह के अभिनय की भी काफी तारीफ हो रही है। लेकिन 3 घंटे से भी अधिक फिल्म की अवधि दर्शकों को अखर रही है। जिसकी वजह से कई लोग फिल्म को बोझिल बोल रहे हैं।

लाइफ Style



# ऐश्वर्या

## रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर छाईं

ऐश्वर्या राय बच्चन रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हुईं। यहां उन्होंने अपने लुक और स्टाइल से लाइमलाइट लूटी। इस स्टार-स्टड इवेंट की प्रेस कांफ्रेंस में ऐश्वर्या ब्लैक गाउन में नजर आईं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रेड कार्पेट इवेंट के दौरान भी वह अपने लुक से छा गईं। इस दौरान 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' फेम एक्ट्रेस डकोटा जॉनसन के साथ उनकी बॉन्डिंग जबर्दस्त दिखी। रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर ऐश्वर्या राय ने कई विदेशी एक्ट्रेस के साथ शिरकत की और साथ में पोज देती नजर आईं। रेड कार्पेट पर वे ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में बेहद खूबसूरत अंदाज में दिखीं। सोशल मीडिया पर सभी का लुक वायरल हो रहा है। इस इवेंट से ऐश्वर्या राय का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे डकोटा जॉनसन के साथ नजर आ रही हैं। फेस्टिवल के दौरान दोनों चर्चित अदाकाराएं एक-दूसरे के साथ गर्मजोशी से मिलीं।


डकोटा और ऐश्वर्या को बात करते देख जैसे ही फोटोग्राफर्स वहां इकट्ठे हुए, दोनों एक्ट्रेस ने साथ में स्टाइलिश पोज दिए। ऐश्वर्या और डकोटा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यूजर्स कमेंट कर रहे हैं और लिख रहे हैं, 'दो दिग्गज एक्ट्रेस एक फ्रेम में'। बता दें कि रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 में ऐश्वर्या भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले चुनिंदा कलाकारों में शामिल हैं। रेड सी फिल्म फेस्टिवल 13 दिसंबर तक चलेगा। इस वीक इस फेस्टिवल में कृति सेनन भी हिस्सा लेने वाली हैं।

हॉलीवुड मसाला




# एवेंजर्सः डूम्सडे का ट्रेलर 7 को होगा रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दुनियाभर के फैंस को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का इंतजार है। वैसे तो यह फिल्म अगले साल 18 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली है। लेकिन एमसीयू ने साल भर पहले ही फैंस को इसकी पहली झलक दिखाने का फैसला कर लिया है! एक रिपोर्ट के मुताबिक, एमसीयू इसी हफ्ते 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया है। पहले यह खबर थी कि यह ट्रेलर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दिखाया जाएगा। लेकिन, अब 'एवजेंर्सः डूम्सडे' का टीजर 7 दिसंबर को आने की संभावना है। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की कास्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर के साथ ही क्रिस हेम्सवर्थ, टॉम हिडलस्टन, पैट्रिक स्टीवर्ट, इयान मैककेलन, वैनेसा किर्बी, रेबेका रोमिजन, पॉल रड, एंथनी मैकी, सेबेस्टियन स्टेन, लेटिटिया राइट, फ्लोरेंस पुघ, केल्सी ग्रामर, डैनी रामिरेज और पेड्रो पास्कल जैसे दिग्गज सुपरहीरोज बनकर लौट रहे हैं।




# शांग त्सुंग की भूमिका के लिए मिली सराहना

**लॉस एंजिल्स।** 1995 की 'मॉर्टल कॉम्बैट' फिल्म में शांग त्सुंग की भूमिका के लिए प्रसिद्ध जापानी-अमेरिकी अभिनेता कैरी हिरोयुकी तगावा का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उनका निधन स्ट्रोक की जटिलताओं की वजह से हुआ। उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में अंतिम सांस ली। कैरी का जन्म 27 सितंबर 1950 को टोक्यो में हुआ था। उनके पिता अमेरिकी सेना में थे, इसलिए बचपन में वे अमेरिका के कई राज्यों में घूमते रहे। आखिर में वह कैलिफोर्निया में बस गए। हाई स्कूल में उन्हें अभिनय का शौक लगा। साल 1987 में मशहूर निर्देशक बर्नार्डो बर्टोलुची ने उन्हें फिल्म 'द लास्ट एम्परर' में बड़ा रोल दिया। इसके बाद वे हॉलीवुड में बहुत प्रसिद्ध हो गए। उन्होंने 30 से ज्यादा फिल्मों में काम किया, जिनमें 'लाइसेंस टू किल', 'राइजिंग सन', 'पर्ल हार्बर', 'मेमॉयर्स ऑफ अ गीशा' जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं। टीवी सीरीज में भी वे 'द मैन इन द हाई कैसल', 'हीरोज' और 'लॉस्ट' में नजर आए। मॉर्टल कॉम्बैट गेम के सह-निर्माता एड बून ने ट्विटर पर लिखा, 'आज हमने एक महान कलाकार खो दिया।



# एयरपोर्ट कर्मचारी के साथ खिंचवाई तस्वीर

**मुंबई।** कृति सेनन इन दिनों अपनाी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हाल ही में कृति सेनन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। एयरपोर्ट पर कुछ महिला कर्मचारी नजर आ रही हैं, जो प्यार से कृति को तस्वीर खिंचाने के लिए कहती हैं। कृति तुरंत ही दोनों महिला कर्मचारियों के साथ सेल्फी क्लिक करती हैं। कृति के साथ तस्वीर क्लिक करने के बाद दोनों महिला कर्मचारी खुशी से उछलने लगती हैं। कृति के इस व्यवहार को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। एयरपोर्ट कर्मचारी के प्रति कृति के इस व्यवहार की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'इसीलिए यह मेरी पसंदीदा हैं', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत प्यारी हैं', एक और फैन ने लिखा, 'मैडम की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रूल करेगी'।



# द ट्रेटर्स के लिए मिला बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड

**मुंबई।** फिल्ममेकर करण जौहर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर खूब सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने इस शो को शानदार तरीके से होस्ट किया। इस शो को होस्ट करने के लिए उन्हें गुरुवार को एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड मिला है। इस अवॉर्ड को जीतने के बाद करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी का इजहार किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'मैं सिंगापुर में एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में 'द ट्रेटर्स' के लिए बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड जीतकर बहुत खुश हूं। मैं माराकेच फिल्म फेस्टिवल में था इसलिए यहां शामिल नहीं हो पाया। मैं इसके लिए एकेडमी को धन्यवाद देना चाहूंगा।' एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में प्राइम वीडियो के 'द ट्रेटर्स' ने 'मौजूदा फॉर्मेट के बेस्ट अडैप्टेशन' का अवॉर्ड जीता।

टीवी मसाला



# महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ बिग बी ने लगाए ठुमके

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का पॉपुलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने अपने चल रहे 17वें सीजन में अलग-अलग फील्ड के कई हस्तियों को बुलाया है। हाल ही में, इस शो में क्रिकेटर शेफाली वर्मा और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कुछ खिलाड़ी शामिल हुईं। शो में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के शामिल होने का एक प्रोमो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। इसमें अमिताभ बच्चन खिलाड़ियों से बात करते हैं इसके बाद उनके साथ ठुमके लगाते हैं। शो के प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन कहते हैं कि पहला टैग दिखाया जाए। टैग में दिखता है 'शॉपिंग की शौकीन'। इस पर सभी एक सुर में बोलते हैं शेफाली वर्मा। शिफाली वर्मा कहती हैं 'मुझे शॉपिंग का शौक है और मैं बदलती रहती हूं।' इस पर सभी हंसते हैं। दूसरे टैग में दिखाया जाता है 'एंग्री यंग वुमेन'। इस पर हरमनप्रीत कौर कहती हैं 'एंग्री का तो पता नहीं पर यंग वुमन ठीक है।' अगले टैग में दिखता है 'सुरों के सरताज।' इस पर सब अमोल मजूमदार का नाम लेते हैं। इसके बाद अमोल मजूमदार स्टेज पर आकर गाना गाते हैं। शो में एक खास मौके पर अमिताभ ने टीम को जंक फूड खाने के लिए चिढ़ाया, खासकर टूर्नामेंट के दौरान। जवाब में, शेफाली ने कहा कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, 'नहीं सर, कोच बोल रहे हैं, कोच से पूछिए।' आगे, स्नेह राणा ने मजाक में कहा कि टीम कोच से सही डाइट भी फॉलो करवाती है।

## 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' 19 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** चर्चित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज'के फाइनल सीजन का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है। सीरीज के फाइनल सीजन की रिलीज डेट का एलान हो चुका है। सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगारू अभिनीत सीरीज का दर्शक इसी महीने लुत्फ उठा सकेंगे। इंटरनेशनल एमी नॉमिनेटिड सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज'को दुनियाभर के दर्शक 19 दिसंबर से देख सकेंगे। इस तारीख से सीरीज का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर होगा। सीरीज के इस फाइनल सीजन का ऐलान इस साल जुलाई में एक पोस्टर रिलीज के साथ किया गया था। बता दें कि इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं।



# 2025 में गूगल पर इन हस्तियों का रहा बोलबाला

**मुंबई।** गूगल इंडिया ने अपने ईयर इन सर्च 2025 की सूची जारी कर दी है, जिसमें सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले अभिनेता से लेकर फिल्म तक, हर किसी का नाम सामने आया है। इस लिस्ट में मनोरंजन जगत की दो बड़ी हस्तियों धर्मेंद्र और शेफाली जरीवाला का नाम भी शामिल हैं, जिन्हें उनके निधन के बाद सबसे ज्यादा बार सर्च किया गया।

### शेफाली को भी लोगों ने किया सर्च

उधर, 27 जून को शेफाली जरीवाला के अचानक हुए निधन ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। 'कांटा लगा' से रातोंरात मिली लोकप्रियता, रियलिटी टीवी में नई पहचान और फिर अचानक यह दुखद खबर-लोगों ने पुराने वीडियो, इंटरव्यू और उनके करियर को याद करते हुए गूगल पर उनकी जिंदगी से जुड़े सवालों की एक लंबी सीरीज दर्ज कर दी।



### धर्मेंद्र हुए सबसे ज्यादा बार सर्च

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र के निधन ने भारतीय सिनेमा के एक स्वर्णिम अध्याय को विराम दे दिया। छह दशक से अधिक लंबे कॅरियर के साथ, वो वह नाम बने जिन्हें हर उम्र का दर्शक एक अलग जुड़ाव के साथ याद करता है। उनके जाने के बाद गूगल पर ट्रिब्यूट, इंटरव्यू, पुरानी झलकियों और अनसुनी कहानियों की सर्च में लाखों लोगों ने उन्हें बार-बार याद किया। यह सिर्फ एक अभिनेता के निधन का शोक नहीं था, बल्कि एक युग के अंत का एहसास भी था।*

### सैयारा बनी साल की सबसे ट्रेंडिंग फिल्म

गूगल की मूवी ट्रेंडिंग लिस्ट में मोहित सूरी निर्देशित सैयारा ने पहला स्थान हासिल किया। यह फिल्म न सिर्फ अपनी कहानी के लिए, बल्कि इसके टाइटल ट्रैक के चलते भी सोशल मीडिया पर छाई रही। बिना किसी बड़े स्टार कास्ट के भी इस फिल्म ने यह साबित किया कि फ्रेश कंटेंट और नए चेहरों की लोकप्रियता भी दर्शकों को उतनी ही ताकत से बांध सकती है। इसके अलावा इस लिस्ट में क्षेत्रीय सिनेमा की फिल्मों ने भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। कांताराः ए लीजेंड चैप्टर 1, कुली (तमिल), मार्को (मलयालम) और गेम चेंजर (तेलुगु) जैसी फिल्मों ने दिखाया कि 2025 भारतीय सिनेमा के विविध रंगों से भरा वर्ष रहा।

# शादी को लेकर सीरियस थे अक्षय और शिल्पा



**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार दोनों ही इंडस्ट्री के चर्चित सितारे हैं। एक दौर था, जब इनके रिलेशनशिप के चर्चे थे। हालांकि, आज दोनों ही अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। अक्षय कुमार ने ट्विंकल खन्ना से शादी रचाई है। वहीं, शिल्पा शेट्टी बिजनेसमैन राज कुंद्रा के साथ सफल वैवाहिक जीवन बिता रही हैं। हाल ही में निर्माता सुनील दर्शन ने शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार के उस दौर में चले अफेयर पर टिप्पणी की है। 90 के दशक में अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी के प्यार के चर्चे सुर्खियों में रहते थे। फिर, कुछ साल बाद यह रिश्ता खत्म हो गया। हाल ही में फिल्ममेकर सुनील दर्शन ने खुलासा किया कि दोनों स्टार्स शादी करने को लेकर गंभीर थे। दोनों अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के बारे में सीरियसली सोच रहे थे। मगर, शिल्पा के माता-पिता ने शादी के लिए हां करने से पहले कुछ शर्तें रखी थीं और जब वे शर्तें पूरी नहीं हुईं, तो ऐसा लगा कि इससे उनके रास्ते में रुकावटें आ गईं। सुनील दर्शन ने इस बात का संकेत दिया कि यही शिल्पा और अक्षय कुमार के अलग होने की वजह रही। सुनील दर्शन ने बॉलीवुड ठिकाना से बात करते अक्षय और शिल्पा के बीच पुराने रिश्ते पर चर्चा की। निर्माता ने उन्हें 'गुड लुकिंग कपल' कहा, लेकिन यह भी कहा कि किस्मत के शायद कुछ और ही प्लान थे। इसी दौरान उन्होंने बताया कि वर्षों पहले ट्विंकल खन्ना के पिता, राजेश खन्ना के करीबी एक ज्योतिषी ने एक हैरान करने वाली भविष्यवाणी की थी। ज्योतिषी ने कहा था कि अक्षय और ट्विंकल एक दिन शादी करेंगे। सुनील ने माना कि उस वक्त उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। निर्माता ने कहा, उस समय उनका (अक्षय और ट्विंकल का) एक-दूसरे से कोई लेना-देना नहीं था'। सुनील दर्शन ने कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर, उन्हें यह अजीब लगा। उन्होंने कहा, 'इत्तेफाक देखिए, अगर शिल्पा के माता-पिता ने वे शर्तें नहीं रखी होतीं, तो जिंदगी कुछ और ही मोड़ लेती'। जब उन शर्तों के बारे में पूछा गया तो सुनील ने समझाया,'माता-पिता के तौर पर, माता-पिता को अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए जो कुछ भी चाहिए। वह गलत नहीं है'। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका मतलब फाइनेंशियल सिक्योरिटी से है? तो सुनील दर्शन ने जवाब दिया, 'हर तरह की सिक्योरिटी, सभी पेरेंट्स यही चाहते हैं'।

## कंटेंट रहा कमजोर, मेगा स्टार्स भी नहीं लगा पाए नैया पार

# इस साल बड़े बजट की फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर बत्ती हुई गुल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


साल 2025 बॉलीवुड के लिए बेहद दिलचस्प रहा। जहां एक ओर छोटे बजट की कहानियों ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार कमाई कर सभी को चौंका दिया, वहीं दूसरी ओर दिग्गज सितारों की बड़ी-बड़ी फिल्में बुरी तरह धराशायी हो गईं। करोड़ों के बजट पर खड़े किए गए कई मेगा प्रोजेक्ट उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। कंटेंट कमजोर रहा, ऑडियंस कनेक्शन नहीं बन पाया और सितारों का चमकता स्टारडम भी टिकट विंडो पर फिल्मों को नहीं बचा सका। इस साल की फ्लॉप लिस्ट में कंगना रनौत से लेकर ऋतिक रोशन, शाहिद कपूर से लेकर सलमान खान तक कई बड़े नाम शामिल हैं।

### इमरजेंसी

कंगना रनौत की महत्वाकांक्षी फिल्म इमरजेंसी को रिलीज से पहले काफी सुर्खियां मिलीं, लेकिन सिनेमा हॉल में कहानी टिक नहीं पाई। इंदिरा गांधी पर आधारित यह बायोपिक विवादों में फंसने के बाद चर्चा तो बटोर गई, लेकिन कमाई आधे रास्ते में ही ठहर गई। करोड़ों झोंकने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फीकी पड़ गई।

### देवा

शाहिद कपूर की देवा ने ट्रेलर रिलीज के समय जबरदस्त उत्सुकता जगा दी थी। लेकिन, फिल्मों में ट्रेलर का आकर्षण तब तक ही टिकता है जब कहानी दर्शकों को बांधकर रखे। यही कमी देवा में नजर आई। बजट भारी था, कमाई उसकी छाया भी नहीं छू पाई। भारत में इस फिल्म का कलेक्शन सिर्फ 34.37 करोड़ का रहा।



### सिकंदर

ईद रिलीज मानी जाती है गोल्डन स्लॉट, लेकिन सलमान खान की सिकंदर इस साल'ईद मैजिक का लाभ नहीं उठा पाई। फिल्म का बजट बेहद बड़ा था, लेकिन कहानी साधारण और स्क्रीनप्ले औसत होने के कारण दर्शकों ने इसे एक हफ्ते बाद ही नजरअंदाज करना शुरू कर दिया।

### वॉर 2

वॉर जैसी ब्लॉकबस्टर के बाद इसके सीक्वल से उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं। ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की स्टारकास्ट भारी थी, बजट उससे भी भारी, लेकिन फिल्म दर्शकों को पकड़ नहीं पाई। भारीभरकम बनावट और कमजोर कहानी- यही इसकी हार का सबसे बड़ा कारण बना। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म का कुल बजट 400 करोड़ के करीब था, लेकिन भारत में कमाई सिर्फ 222.35 करोड़ की रही।

### सन ऑफ सरदार 2

अजय देवगन की कॉमेडी फिल्मों का लंबे समय से अलग फैन बेस रहा है, लेकिन सन ऑफ सरदार 2 इस उम्मीद पर खरी नहीं उतरी। मल्टी-स्टार कास्ट और बड़े पैमाने पर बनी यह फिल्म दर्शकों को थिएटर तक खींच ही नहीं पाई। हंसी के बिना कॉमेडी का स्वाद फीका हो जाता है, यही फिल्म की असफलता का पलड़ा भारी कर गया। 150 करोड़ में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 60.90 करोड़ बटोरे।

### बागी 4

टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की बागी 4 एक्शन प्रेमियों के लिए बनाई गई थी, लेकिन फ्रेंचाइजी की यह किस्त गहराई और नईपन की कमी के कारण पिछली हिट फिल्मों जैसा असर छोड़ने में नाकाम रही। एक्शन बहुत था, भावनाएं बहुत कम और दर्शक अब सिर्फ स्टंट से नहीं, कहानी से भी जुड़ना चाहते हैं। करीब 80 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 52.77 करोड़ ही कमा पाई।

### 2025 की बाकी बड़ी फ्लॉप्स

राम चरण-कियारा आडवाणी की गेम चेंजर, राजकुमार राव की मालिक, सिद्धांत–तृप्ति की धड़क 2, सोनू सूद की फतेह, द बंगाल फाइल्स, आजाद, अर्जुन कपूर की मेरे हस्बैंड की बीवी, जुनैद–खुशी कपूर की लवयापा, ग्राउंड जीरो- ये सभी फिल्में बजट के हिसाब से उम्मीदें पूरी नहीं कर पाईं। साल भर में बार-बार यही साबित हुआ- अब दर्शक सिर्फ स्टार नहीं, बेहतर कंटेंट चुन रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### पुलिस व ग्रामीणों के बीच हुए खूनी संघर्ष को लेकर कांग्रेस की जांच टीम गठित

अंबिकापुर। अमेरा कोल खदान के विस्तार को लेकर परसोडीकला में हुए विरोध प्रदर्शन और पुलिस एवं ग्रामीणों के बीच झड़प के ममले में अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच टीम का गठन किया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह को संयोजक बनाया है। इसके साथ ही पूर्व मंत्री के नेतृत्व में दस सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। टीम में सदस्य के रूप में विधायक इंद्रशाह मंडावी, विधायक जनक ध्रुव, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, पूर्व जिपं अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा सोनी, डीसीसी उपाध्यक्ष मुनेश्वर राजवाड़े, जिपं सदस्य श्रीमती अनिमा केरकेट्टा को शामिल किया गया है। जांच समिति प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों, प्रभावितों से मिलकर वस्तु स्थिति की जानकारी लेने के साथ ही अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी। बता दें कि कोल खदान के विस्तार को लेकर विरोध प्रदर्शन ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया था जिसमें पुलिस व ग्रामीणों की ओर से जमकर पत्थरबाजी हुई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ने के साथ ही लाठी भांजी थी।

### वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को हटाने सौंपा ज्ञापन




उदयपुर। उप सरपंच संघ ने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को हटाने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में उप सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने बताया है कि उयपुर विकासखंड के वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी राधाकृषण यादव के भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में कृषि मंत्री को अवगत कराया गया था, जिस पर मंत्री द्वारा कार्यालय सयुक्त संचालक कृषि संभाग सरगुजा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। संघ का आरोप है कि जांच अधिकारियों की मिलीभगत के साथ ही साथ प्रभारी राधा कृषण द्वारा जांच को प्रभावित किया जा रहा है एवं किसानों, लोकल नेताओं को पैसे देकर बयान लिखवाए जा रहे हैं। इस सबंध में उप संचालक को कई बार मौखिक रूप से शिकायत कर सही तरीके जांच कराने तथा वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी को हटाने की मांग की गई जिससे जांच प्रभावित न हो। उप सरपंच संघ ने वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी को हटाने तथा अन्य विभाग के अधिकारी को नियुक्त किए जाने मांग की है।

### गिरने से गंभीर वृद्ध की उपचार के दौरान गई जान

अम्बिकापुर। खेत की ओर जा रहा वृद्ध अचानक ठोकर लगने से गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कुबेरपुर निवासी कंगरू नगेसिया आ. स्व. पुठा नगेसिया (80 वर्ष) गुरुवार की दोपहर पैदल खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान ठोकर लगने से गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

# स्वस्थ जीवन के लिए खेल आवश्यक- अशोक

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि

क्षेत्र के अमर कुंज क्रिनांगन में शनिवार को अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ चिरमिरी एरिया की मेजबानी में किया गया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक अशोक कुमार तथा विशेष अतिथि उपक्षेत्र प्रबंधक मनीष सिंह चिरमिरी, अरूण सिंह कुरासिया, राजा राम हल्दीबाड़ी सहित विभागीय प्रभारी, क्षेत्रीय जेसीसी सदस्य, कल्याण समिति सदस्य, सिस्टा व ओबीसी एसोसिएशन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समारोह संपन्न हुआ।

उद्घाटन कार्यक्रम अतिथियों के स्वागत के साथ आरंभ हुआ। इसके पश्चात एसईसीएल कॉर्पोरेट गीत प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में कुल 15 एरिया की टीमें भाग ले रही हैं। इनमें एसईसीएल कोरबा, दीपका, कुसमंडा, गेवरा, जमुना-कोतमा, सुहागपुर, बैकुंठपुर, भटगांव, बिश्रामपुर, हसदेव, चिरमिरी, रायगढ़ सहित अन्य टीमों का शामिल होना उत्साह का केन्द्र रहा। मुख्य महाप्रबंधक अशोक कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल भावना व अनुशासन को बढ़ावा देना इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल को खेल की भावना से खेलने तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए खेल आवश्यक है तथा प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी खेल गतिविधि से जुड़े रहना चाहिए, इसके उपरांत अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट के पहले दिन पुल 1 अंतर्गत हुए मुकाबलों में 8 टीमों ने दमदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रथम मैच में हसदेव और बैकुंठपुर के बीच हुए मुकाबले में बैकुंठपुर टीम 0-1 से विजयी रही। दूसरे मैच में कोरबा ने जमुना को 0-1 से मात दी। तीसरे मैच में चिरमिरी ने कोरबा सेंट्रल वर्कशॉप को 0-4 से पराजित किया।

वहीं पांचवे मैच में रायगढ़ व गेवरा के बीच हुआ संघर्षपूर्ण मुकाबला गेवरा के पक्ष में 0-1 से निर्णित हुआ। सभी मैचों का आंखों देखा हाल सुशांत घोष ने सुनाया। टूर्नामेंट में रेफरी की भूमिका वरिष्ठ रेफरी अनिल कचेर, चन्ना राव, रणधीर ठाकुर, पप्पू कुमार, विजय विश्वकर्मा, सुनील कुमार, निकिता थापा, नागेश्वर राव, चंद्रशेखर पोलई व संदीप पटेल द्वारा निभाई गई। फुटबॉल मुकाबलों को देखने के लिए काफी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# रामपुर में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता



**बैकुण्ठपुर।** सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामपुर में 5 व 6 दिसंबर को दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में गृह मंत्रालय के सहायक निदेशक संजीव कुमार मिश्रा उपस्थित रहे, जबकि विशेष अतिथि विनय मोहन भट्ट एवं फादर संदीप तिग्गा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। दूसरे दिन के मुख्य अतिथि एसईसीएल महाप्रबंधक बीएन झा रहे। साथ ही विशेष अतिथि सिस्टर शांति, फादर तेज मिंज तथा विशिष्ट अतिथि महेश मिश्रा की मौजूदगी ने कार्यक्रम में ऊर्जा भरी। मुख्य अतिथियों द्वारा मशाल प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक परेड प्रदर्शन किया गया, जिसके जज की भूमिका महेश मिश्रा, फादर तेज मिंज एवं सिस्टर शांति ने निभाई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के साथ मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें अभिभावकों एवं दर्शकों ने खूब सराहा। प्रतियोगिता में अनेक खेलों का रोमांचक प्रदर्शन हुआ। इसमें प्रतिभागी बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। अभिभावकों ने काफी संख्या में उपस्थित होकर अपने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में अभिभावकों के लिए भी विशेष खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई, इसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# विधायक ने भरा युवाओं में जोश

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़


आयोजन में उपस्थित विधायक व अन्य।

जिले में कला, संस्कृति और युवा ऊर्जा का भव्य संगम 5 दिसंबर को झगराखांड़ में देखने को मिला। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन अंबेडकर भवन एवं शासकीय हाई स्कूल झगराखांड़ में प्रातः 10 बजे से शुरू हुआ। इसमें जिलेभर के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं और युवा प्रतिभागियों ने काफी संख्या में शामिल होकर अपनी कला, प्रतिभा और रचनात्मकता का मनमोहक प्रदर्शन किया। पूरा परिसर ऊर्जा, ताल, उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास से गूंजता रहा।

इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को एक प्रभावशाली मंच प्रदान करना था, जहां वे अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने ला सकें और संस्कृति, साहित्य, कला व खेल के विभिन्न क्षेत्रों में पहचान बना सकें। कार्यक्रम ने युवाओं में आत्मविश्वास, संकल्प और नई प्रेरणा का संचार किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती सिंह द्वारा छग महतारी, मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और छग शासन का खेल विभाग प्रतिवर्ष युवा उत्सव इसलिए आयोजित करता है ताकि आगे बढ़ने की इच्छा रखने वाले युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, ऊर्जा और राष्ट्रभावना विकसित हो। उन्होंने कहा कि जब किसी कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी और आत्मविश्वास दिखाई देता है, तब उसमें एक सशक्त राष्ट्र और उज्जवल भविष्य की झलक स्वतः दिखाई देती है। विधायक श्रीमती सिंह ने कहा कि आज का युग शिक्षा, खेल, संस्कृति और तकनीक का युग है और इन्हीं आधारों पर भविष्य का भारत तैयार होगा। बच्चों को नर्सरी से लेकर उच्च शिक्षा तक पर्याप्त अवसर और प्रतियोगी माहौल प्रदान किया जाना आवश्यक है, ताकि उनमें प्रतिभा और सपनों को उड़ान मिल सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत आज तेजी से बदल रहा है और आत्मसम्मान व स्वाभिमान के साथ विकास की ओर अग्रसर है। प्रतियोगिता में युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। चित्रकला प्रतियोगिता में राजेन्द्र प्रसाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया, द्वितीय स्थान अनुज और तृतीय स्थान कुमारी साधना को मिला। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रभावी प्रस्तुति के साथ अनुभव गुप्ता प्रथम रहे और जया शर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं। साहित्यिक प्रतिभा भी पूरी तरह निखरी। कविता लेखन प्रतियोगिता में मनोज कुमार विजेता बने, जबकि मुस्कान सिंह द्वितीय और फातिमा तृतीय स्थान पर रहीं। कहानी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान सिंह, द्वितीय स्थान अदिति अग्रवाल और तृतीय स्थान छाया सिंह को प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकनृत्य में राखी समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पंथी नृत्य में अनिल कुमार समूह की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब प्रशंसा बटोरी और उन्हें विजेता घोषित किया गया। सुवा नृत्य में सोनकुंवर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान जीता। करमा नृत्य प्रतियोगिता में भोगलाल समूह विजेता और रमेश कुमार समूह उपविजेता घोषित हुए। वहीं राउत नाचा में आशु साहू समूह ने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की। लोकगीत प्रतियोगिता में हरीदास समूह ने बेहतरीन प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से श्रीमती प्रतिभा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ सरजू यादव, अध्यक्ष नगर पंचायत नई लेदरी वीरेन्द्र सिंह राणा, अध्यक्ष नगर पंचायत झगराखांड़ श्रीमती रीमा यादव , जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे, संजय श्रीवास्तव, क्रीड़ा अधिकारी विनोद जायसवाल, शिव कुमार चौधरी सहित काफी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, अभिभावक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्तर की पत्र लेखन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



ढाई आखर एक राष्ट्रीय स्तर की पत्र लेखन प्रतियोगिता है, जिसका उद्देश्य युवाओं में रचनात्मकता आत्म अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना एवं डाक घर की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। उक्ताशय के विचार उप संभागीय निरीक्षक नारायण नायक ने राष्ट्रीय स्तर के पत्र लेखन प्रतियोगिता में पुरस्कृत छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए कही। भारतीय डाक विभाग द्वारा राष्ट्रीयस्तर के पत्र लेखन प्रतियोगिता में विजय नर्सरी हायर सेकेंडरी विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

इस पत्र लेखन प्रतियोगिता में रेनू दुआ पिता राजेश दुआ कक्षा नवमी प्रथम,, अनन्या पाठक पिता विनय कुमार पाठक कक्षा आठवीं द्वितीय, हर्षीतिका एवं अजंनेया गुप्ता कक्षा ग्यारहवीं ने तृतीय स्थान अर्जित किया। छात्र सम्मान समारोह में मनेन्द्रगढ़ उप संभाग के डाक अधिदर्शक गुण सागर साहू, वरिष्ठ साहित्यकार सतीश उपाध्याय, विजय नर्सरी इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य इंदिरा सेंगर, शिक्षक राकेश मिश्रा, पूनम सोरेन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से उपस्थित उप संभागीय निरीक्षक श्री नायक ने बताया कि ढाई आखर राष्ट्रीय स्तर का पत्र लेखन अभियान देशभर के लोगों को ऐसा मंच प्रदान करता है जहां वे अपनी विचारधाराओं भावनाओं और अवधारणाओं को पूरी ईमानदारी से, पत्र के माध्यम से साझा कर सकते हैं। राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता के संयोजक सतीश उपाध्याय ने बतलाया कि यह राष्ट्रीय स्तर के पत्र लेखन प्रतियोगिता में छात्रों को राष्ट्रीय मंच भी प्रदान किया जाता है।

इसमें वह वरिष्ठ विचारकों के बीच में अपने अनुभव को साझा कर सकते हैं एवं विजेता छात्राओं को सम्मानजनक राशि प्रदान की जाती है। मनेन्द्रगढ़ उप संभाग के डाक अधिदर्शक गुण सागर साहू ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के पत्र लेखन प्रतियोगिता में भारत का कोई भी नागरिक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। ढाई आखर राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता में मनेन्द्रगढ़ सर्कल में प्रथम आई रेनू दुआ ने अपनी माता को रोल मॉडल मानते हुए पत्र लिखा था ,वहीं अनन्या पाठक एवं अन्य चयनित छात्राओं ने भी अपनी माता को प्रथम गुरु मानते हुए उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ाने की बात भावनात्मक एवं मार्मिक शैली में लिखी थी। राष्ट्रीय स्तर के पत्र लेखन प्रतियोगिता में कुल लगभग 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल के सभागार में आयोजित छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के कार्यक्रम का संचालन पूनम सोरेन ने किया। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों का आभार वरिष्ठ समाजसेवी का एवं विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती इंदिरा सेंगर ने किया।

# नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक प्रशिक्षण



**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर के बीएससी नर्सिंग छठवां सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने संस्था प्रबंधन के मार्गदर्शन में शिक्षकों के साथ क्लिनिकल प्रशिक्षण के लिए मनोचिकित्सालय इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइकियाट्री एंड अलाइड साइंसेज रांची में 3 से 30 नवंबर तक प्रशिक्षण लिए, जहां उन्होंने शैक्षिणक भ्रमण के दौरान पाया की मनोचिकित्सालय इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइकियाट्री एंड अलाइड साइंसेज झारखंड के राजधानी रांची में स्थित भारत का मानसिक स्वास्थ्य का प्रमुख संस्थान है,जहां अस्पताल में भ्रमण कर मरीजों का उपचार की सलाह एवं भर्ती प्रक्रिया के बारे में अध्ययन किया। यह दो भागों में वर्गीकृत किया गया है। जिसमें महिलाओं का खंड अलग और पुरूषों का खंड अलग व्यवस्थित किया गया है। मनोचिकित्सालय इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइकियाट्री एंड अलाइड साइंसेज में उन्होंने पाया कि वहां पर सारे वर्ग लिंग तक का मानसिक रूप से बीमार मरीजों का इलाज बेहतर ढंग से किया जाता है। मनोचिकित्सालय इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइकियाट्री एंड अलाइड साइंसेज अस्पताल ब्रिटिश के द्वारा 4 सितंबर 1925 को स्थापित की गई है, इसकी कुल बिस्तर क्षमता 570 है और कुल मरीजों की संख्या 612 है, यह संस्थान 211 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है। वर्तमान में डॉ. अमूल रंजन संस्थान के निर्देशक तथा उपचारिका मैग्डिलींन कैडुल्ना है। यह संस्थान मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे विकास के अनुरूप निरंतर नई ऊचाइयों को छू रहा है और मानसिक विकारों की जांच और प्रबंधन के लिए विभिन्न आधुनिक सुविधाओं को स्थिापित किया जा रहा है।

# हर्राटिकरा रेत खदान के विरुद्ध आक्रोशित ग्रामीण हुए लामबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर


मुहाने पर खड़ा हो जाएगा।

ग्राम पंचायत हर्राटिकरा के मध्य जगह में प्रस्तावित हर्राटिकरा-2 रेत खदान आबंटन को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री,कलेक्टर,एसडीएम व खनिज अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की है, ज्ञापन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि रेत खदान का संचालन शुरू हुआ तो पूरा गांव प्रत्यक्ष रूप से आपदा के मुहाने पर खड़ा हो जाएगा।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रस्तावित खदान ग्राम हर्राटिकरा एवं कुंजनगर के मुक्तिधाम के बीच स्थित है,जहां रोज किसी न किसी परिवार की अंतिम विदाई संस्कार होता है,इसी जगह से रेत खदान संचालन के दौरान रोजाना दर्जनों हाइवा-ट्रक धूल उड़ाते गुजरेंगे,स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मुक्तिधाम ऐसा स्थान है जहां शांति और सम्मान सबसे महत्वपूर्ण है,लेकिन रेत खदान चालू होने पर अंतिम संस्कार के समय भी हो हल्ला होगा और गाड़ियों के हॉर्न की गूंज सुनाई देती रहेगी,ऐसे में संवेदनशीलता पर सीधा आघात पहुंचेगा,ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि रेत खदान स्थल की तरफ जाने वाले मार्ग के दोनों ओर गांव की दो प्राथमिक स्कूल,दो आंगनवाड़ी केंद्र,घनी आबादी और बेहद संकरी,जर्जर सड़क है,स्कूल के बच्चे प्रतिदिन पैदल इन्हीं रास्तों से गुजरते हैं,ग्रामीणों ने बताया कि यहां की सड़क पहले से ही जर्जर हालत में है।

# महिला व युवती की तस्करी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों में एक महिला भी शामिल



**अंबिकापुर।** काम दिलाने का झांसा देकर महिला और युवती को उज्जैन में बेचने वाले गिरोह के मुख्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी करने वाली महिला व उसके साथी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी वारदात का खुलासा होने के बाद से फरार चल रहे थे। सरगुजा के मणिपुर थाना क्षेत्र के साथ ही लखनपुर क्षेत्र से एक शादी शुदा महिला और युवती को काम दिलाने के नाम पर उज्जैन में लेजाकर दो से ढाई लाख रुपए में बेचने का मामला सामने आया था। इनमें से दो बच्चों की मां की आरोपियों ने जबरन शादी भी करा दी लेकिन दूसरी युवती किसी तरह तस्करों के चंगुल से भाग निकली थी। मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस टीम उज्जैन रवाना हुई थी जहां से उन्होंने दूसरी महिला को भंवर सिंह के कब्जे से बरामद कर उसके अन्य साथी मुकेश को गिरफ्तार किया था। घटना में शामिल महिला और एक अन्य खरीददार फरार चल रहे थे। पुलिस ने जांच के बाद मुखबिर से मिली सूचना के बाद एमपी उज्जैन के घटिया ताजपुर भान बड़ोदिया निवासी अशोक परमार आ.चुन्नीलाल परमार व महिला अलका को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### इलेक्ट्रॉनिक नीलामीः रेत...

**खनिज विभाग के आकड़े-** वित्तीय वर्ष 2020-21 में गौण खनिजों से प्राप्त राजस्व का 2025-26 में नियमों के अनुसार ग्राम पंचायतों व जनपद पंचायतों को संवितरण स्वीकृत किया गया है। इसके तहत खड़गवां विकासखंड़ के ग्राम पंचायत चिरमी को वित्तीय वर्ष 2020-21 में गौण खनिजों से 6 लाख 20 हजार रूपए वास्तविक राजस्व प्राप्त हुआ था, संबंधित ग्राम पंचायत तथा जनपद पंचायत को 16 लाख 33 हजार 957 रूपए वितरित किया जाएगा। इसी तरह सोनहत विकासखंड के ग्राम तेलीमुड़ा वित्तीय वर्ष 2020-21 में गौण खनिजों से 2 लाख 35 हजार रूपए वास्तविक राजस्व हुआ था, संबंधित ग्राम पंचायत तथा जनपद पंचायत को 6 लाख 19 हजार 313 रूपए वितरित किया जाएगा, वहीं बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम पिपरा को वित्तीय वर्ष 2020-21 में गौण खनिजों से 2 लाख 5 हजार रूपए वास्तविक राजस्व प्राप्त हुआ था, संबंधित ग्राम पंचायत तथा जनपद पंचायत को 5 लाख 40 हजार 260 रूपए वितरित किया जाएगा। खनिज विभाग के अनुसार रेत खदानों से प्राप्त राशि सीधे पंचायतों के विकास कार्यों में उपयोग की जाएगी।

# भंडारपारा में बच्चों को मिले गर्म कपड़े



**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से लगे भंडारपारा माध्यमिक शाला में शनिवार का दिन बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने वाला रहा। दिसंबर की कड़ाके की ठंड में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे ठिठुरते हुए स्कूल आते दिखाई देते थे। बच्चों की इस स्थिति को देखते हुए विद्यालय के शिक्षकों ने सामाजिक दायित्व का परिचय देते हुए अपने निजी व्यय से सभी बच्चों के लिए गर्म स्वेटर उपलब्ध करवाए।

कक्षा 6 वीं से 8 वीं तक के कुल 75 विद्यार्थियों को यह स्वेटर वितरित किए गए। शिक्षकों का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के साथ-साथ ठंड के कारण कम हो रही उपस्थिति की समस्या का समाधान करना भी था। यह पहल शिक्षा के साथ मानवीय संवेदनशीलता और सामाजिक भागीदारी की प्रेरणादायी मिसाल प्रस्तुत करती है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य रमाशंकर साहू एवं सरपंच प्रतिनिधि सुखनंदन मिंज द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिक्षकों व बच्चों ने बैंड-बाजे, तिलक, पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत तथा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा सभी 75 बच्चों को नए स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खुशी और उत्साह से खिल उठे। तिमाही मूल्यांकन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले और सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को मेडल, प्रमाण पत्र, पेन और मिष्ठान्न देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद बच्चों, पालकों और ग्रामीणों ने महिला स्व सहायता समूह द्वारा आयोजित न्योता भोज का आनंद उठाया। पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय स्तर पर भविष्य की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अगरवुड के पौधों का रोपण भी किया गया। यह दुनिया का सबसे महंगा पौधा माना जाता है, जिसकी लकड़ी को वुड ऑफ गॉड और तेल को लिक्विड गोल्ड कहा जाता है। पंचायत, यूथ क्लब व इको क्लब सदस्यों की उपस्थिति में शिक्षकों ने बच्चों को अगरवुड की खेती की व्यवसायिक प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।



